Name: ______________________________ Date: ____________________

पापा खो गए

प्रश्न-1 लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-2 लैटरबक्स को अपना बहुत महत्व क्यों लगता है?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-3 क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे?

उत्तर ____

____

____

प्रश्न-4 पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

उत्तर ____

____

____

www.educationwithfun.com

पापा खो गए

प्रश्न-1 लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है?

उत्तर पूरे नाटक में केवल लाल ताऊ ही एक ऐसा पात्र है जिसे पढ़ना-लिखना आता है। उसे भजन गाना भी आता है। लाल ताऊ के ये ही गुण उसे अन्य सभी पात्रों से भिन्न बनाते हैं।

प्रश्न-2 लैटरबक्स को अपना बहुत महत्व क्यों लगता है?

उत्तर लैटरबक्स सब की चिट्ठी सँभालकर रखता है। अगर वह किसी की चिट्ठी पढ़ भी ले तब भी उसमें लिखी गुप्त बातें वह अपने तक ही रखता है। इसीलिए लैटरबक्स को अपना बहुत महत्व लगता है।

प्रश्न-3 क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे?

उत्तर सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर पर नहीं पहुँचा पा रहे थे क्योंकि लड़की इतनी छोटी थी कि उसे अपने घर का पता, गली का नाम, सड़क का नाम, घर का नंबर यहाँ तक की अपने पापा का नाम तक नहीं मालूम था।

प्रश्न-4 पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

उत्तर खंभा शुरू - शुरू में पेड़ से बात नहीं करता था। कई बार पेड़ ने खंभे से बात करने की कोशिश की पर खंभे ने अपने अकड़ के कारण कभी पेड़ से बात नहीं की। अंत में पेड़ ने भी उससे बात करना छोड़ दिया। फिर एक दिन तेज़ आँधी में खंभा पेड़ पर गिर पड़ा। पेड़ ने खंभे को संभाल लिया पर स्वयं ज़ख्मी हो गया। यह देखकर खंभे का गरूर ख़त्म हो गया और उस दिन से दोनों में दोस्ती हो गई।

www.educationwithfun.com